सं. जेड-14014/2/2023-जीसी एण्ड पार्लि.(ई-3012849)

भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

(भूमि संसाधन विभाग)

एनबीओ बिल्डिंग, निर्माण भवन,
नई दिल्ली-110011,
दिनांक: 20 दिसम्बर, 2023

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: नवम्बर, 2023 माह के दौरान भूमि संसाधन विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों का मासिक सार - के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को नवम्बर, 2023 माह के लिए भूमि संसाधन विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों के मासिक सार के अवर्गीकृत भाग की एक प्रति इस पत्र के साथ संलग्न करने का निदेश हुआ है।

**संलग्नकः यथोक्त।**

अर्जुन राणा

**(अर्जुन राणा)**
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 011-23044653

**सेवा में,**

मंत्री परिषद के सभी माननीय सदस्य।

**प्रतिलिपि प्रेषित:-**

1. भारत की माननीया राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली -110004
2. भारत के माननीय उप-राष्ट्रपति के सचिव, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली -110011
3. भारत के माननीय प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110011
4. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
5. सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, नई दिल्ली।
6. सचिव, कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग, नई दिल्ली।
7. सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली।
8. सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली।

9. सचिव, जल शक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली।
10. सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, नई दिल्ली।
11. सचिव, विद्युत मंत्रालय, नई दिल्ली।
12. सचिव, खान मंत्रालय, नई दिल्ली।
13. सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली।
14. सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली।
15. सचिव, रेल मंत्रालय, नई दिल्ली।
16. सचिव, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली।
17. सचिव, व्यय विभाग, नई दिल्ली।
18. सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली।
19. सचिव, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली।
20. सचिव, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, नई दिल्ली।
21. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
22. तकनीकी निदेशक, (एनआईसी), भूमि संसाधन विभाग, को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थः</u>

1. माननीय ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री के निजी सचिव।

2. माननीया राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण) के निजी सचिव।

3. माननीय राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास तथा इस्पात) के निजी सचिव।

**नवम्बर, 2023 के दौरान भूमि संसाधन विभाग की महत्वपूर्ण कार्यकलापों का मासिक सार**

1. विभाग द्वारा प्रारम्भ की गई भूमि संवाद बैठकों की श्रृंखला के तहत, दिनांक 24 नवंबर, 2023 को सचिव (भूमि संसाधन) की अध्यक्षता में **उत्तर पूर्वी राज्यों और स्वायत्त जिला परिषदों (एडीसी) के साथ समीक्षा बैठक (भूमि संवाद-VII)** विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली में आयोजित की गई । इस सम्मेलन में राज्यों के राजस्व/रजिस्ट्रीकरण विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम के पंजीयन महानिरीक्षकों, असम, मिजोरम, मेघालय और त्रिपुरा के 09 स्वायत्त जिला परिषदों (एडीसी) के एडीसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी/कार्यपालक समिति के सचिव/ कार्यपालक सचिव, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और भारत का महासर्वेक्षक, बी.एन युगाँधर ग्रामीण अध्ययन केंद्र, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) मसूरी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । यह सम्मेलन, डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) की समीक्षा और पूर्वोत्तर राज्यों/ पूर्वोत्तर राज्यों के एडीसी की विभिन्न अन्य पहलों, विशेषकर पूर्वोत्तर राज्यों/एडीसी के लिए डिजिटलीकरण समाधानों की समीक्षा पर केंद्रित था।

2. विभिन्न सरकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आउटरीच कार्यकलापों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु दिनांक 15 नवंबर, 2023 को प्रारम्भ की गई **विकसित भारत संकल्प यात्रा** के एक भाग के रूप में, भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) ने पात्र गांवों और ग्राम पंचायत/ग्राम स्तर के पदाधिकारियों जैसे पटवारी/लेखपाल/मंडल आदि और डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के तहत भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण (गांवों के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के अनुसार) में 99% अथवा इससे अधिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर के पदाधिकारियों जैसे सरपंच के लिए अभिनंदन पत्र (सम्मान प्रमाण पत्र) का वितरण किया। राज्यों से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, उन सभी ग्राम पंचायतों को अभिनंदन पत्र वितरित किए जा रहे हैं जिन्होंने भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण में शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है।

3. विभाग ने सचिव (एलआर) की अध्यक्षता में 9 नवंबर 2023 को 'विलेखों/दस्तावेजों के रजिस्ट्रीकरण में मास्किंग सेंसिटिव डाटा और ब्लॉक चैन टेक्नोलाजी के लिए एआई-निब्रिट के उपयोग' पर एक वेबिनर का आयोजन किया। इस वेबिनर में राज्य सरकारों के राजस्व/रजिस्ट्रीकरण विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

4. भूमि संसाधन विभाग ने 18 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में डीआईएलआरएमपी के लिए ई-प्रशासन श्रेणी के तहत प्लैटिनम स्कॉच अवार्ड प्रदान किया।

5. सचिव (एलआर) की अध्यक्षता में 28 नवंबर 2023 को वॉटरशेड विकास कार्यक्रम (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0) पर राज्यों/एसएलएनए के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विभाग द्वारा इस महीने के दौरान कर्नाटक तथा ओड़ीशा राज्य में रिवार्ड कार्यक्रम के कार्यान्वयन पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

6. विभाग ने 7 से 10 नवंबर 2023 तक एनएएससी कॉम्प्लेक्स, आईसीएआर, पूसा कैंपस, नई दिल्ली में आयोजित "वैश्विक जलवायु परिवर्तन के तहत सतत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

7. भूमि संसाधन विभाग ने शिवाजी स्टेडियम में रेजुव वेलनेस सेंटर में 17 तथा 24 नवंबर 2023 को प्रख्यात योग विशेषज्ञों के द्वारा "स्ट्रेस मैनेजमेंट (मानसिक तनाव प्रबंधन)" पर दो योग सत्रों का आयोजन किया।

8. संविधान दिवस 2023 के अवसर पर, विभाग के सभी तीन कार्यालयों में विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गई।

9. प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना का वॉटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई) के तहत, कुल 6382 परियोजनाओं {8214 (स्वीकृत) - 1832 (राज्य को हस्तांतरित)} में से आज की तारीख तक 6376 परियोजनाएं पूरी की गई हैं। अभी तक 6120 परियोजनाओं की एंड लाइन मूल्यांकन रिपोर्टें प्राप्त हो चुकी हैं।

10. डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के विभिन्न घटकों के प्रगति (संचयी) की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है:

   i. 6,24,391 ग्रामों के भूमि अभिलेखों के कंप्यूटरीकरण का कार्य पूरा किया गया।
   ii. 5,050 एसआरओ में रजिस्ट्रीकरण के कंप्यूटरीकरण का कार्य पूरा किया गया।
   iii. 1,93,45,505 भूकर मानचित्रों/एफ़एमबी/टिप्पनों के डिजिटीकरण के कार्य को पूरा किया गया।
   iv. भूमि अभिलेखों के साथ 4,590 एसआरओ के एकीकरण का कार्य पूरा किया गया।
   v. 3,341 तहसीलों में आधुनिक अभिलेख कक्षों की स्थापना का कार्य पूरा किया गया।

*****